# BULANDSHAHRPOLICE

**दिनांक- 28 फरवरी, 2024** **थाना- बीबी नगर**

## लूट की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 02 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से लूटा गया शत-प्रतिशत सामान व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि वादी श्री प्रमोद कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खाद मोहननगर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना बीबी नगर पर सूचना दी कि वह दिनांक 25.02.2024 की रात्रि में अपने पिता के साथ बाइक पर बाबूगढ़ छावनी से घर जा रहे थे रास्ते में बीबीनगर थाना क्षेत्र में ग्राम चित्सौना अलीपुर से बरौली वासुदेवपुर मार्ग पर बाइक सवार 03 अज्ञात बदमाशों द्वारा उनसे एक सैमसंग मोबाइल व नकदी लूट ली। उक्त घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बीबीनगर पर मुअसं-33/24 धारा 394 भादवि पंजीकृत हैं।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 28.02.2024 को थाना बीबी नगर पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सठला चौराहे के पास से लूट की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया व 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जिनके कब्जे से लूटा गया शत-प्रतिशत सामान व घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बीबी नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. विकास पुत्र नागेन्द्र निवासी ग्राम शेखपुर गढ़वा थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर।
2. 02 बाल अपचारी (पुलिस अभिरक्षा में)

**बरामदगी-**

1. 01 मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी (लूट का)
2. 3620 रुपये नकद (लूट के)
3. 01 मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर नं0- DL-5SY-5601

**गिरफ्तार करने वाली थाना बीबी नगर पुलिस टीम-**

1. श्री जीतेन्द्र कुमार दूबे थाना प्रभारी बीबी नगर।
2. उ0नि0 विशाल कुमार, उ0नि0 अशोक कुमार
3. का0 अंकुर मलिक, का0 कपिल देव

**स्वाट टीम देहात-**

1. श्री संजय वर्मा प्रभारी स्वाट टीम देहात
2. है0का0 महेश उपाध्याय, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 अरुण कुमार, है0का0 सर्वेन्द्र, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 रोहित कुमार, का0 संदीप

**मीडिया सैल बुलन्दशहर**